# भारतीय स्टेट बैंक


केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केंद्र, मुंबई.

(फोन : 022-2282 0427; फैक्स : 022-2282 0411; ई-मेल : crpd@sbi.co.in)


**विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एससीओ/2016-17/14**

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ अधिकारियों की भर्ती

1. आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और शुल्क के भुगतान की प्रारंभिक तारीख : 29.12.2016
2. आवेदन के ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन और शुल्क के भुगतान की अंतिम तारीख : 13.01.2017
3. भारतीय स्टेट बैंक, केन्द्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई को ऑनलाइन आवेदन का प्रिंटआउट अनुलग्नकों के साथ प्राप्त होने की तिथि : 20.01.2017

भारतीय स्टेट बैंक निम्नलिखित पदों के विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की नियुक्ति हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है. उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** में दिए गए लिंक **careers** के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

**कृपया ध्यान दें कि**

1. इस परियोजना के अंतर्गत एक उम्मीदवार मात्र एक पद के लिए ही आवेदन कर सकता / सकती है. **रिक्तियां मुख्यत: मुंबई केन्द्र के लिए है**.
2. आवेदन के पंजीकरण की प्रक्रिया तभी पूर्ण होगी जब शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि को या उससे पूर्व ऑनलाइन बैंक में जमा करा दी गई हो.
3. आवेदन करने से पहले, उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित करें कि वे पात्रता की तिथि को संबंधित पद हेतु पात्रता मानदंडों को पूरा करते हैं. पात्रता सूची और साक्षात्कार दस्तावेजों के सत्यापन के बिना पूर्णतया अनंतिम होगा. उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाया जाता है, तो उनके द्वारा साक्षात्कार हेतु रिपोर्ट करने पर उनकी उम्मीदवारी विवरणों/ दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन रहेगी.
4. उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे विवरण और अद्यतन जानकारी बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर देखें.

**नीचे दिए अनुसार विभिन्न पदों से संबंधित रिक्त-पद तथा अन्य विवरण**

| क्रम संख्या | पद | स्केल | रिक्त-पद | | | | | 01.12.2016 को आयु (वर्ष) | | 01.12.2016 को न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता | 01.12.2016 को अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | अजा | अजजा | अपिव | सामान्य | कुल | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| **1** | **मुख्य प्रबंधक (रिस्क)** | एसएमजीएस-IV | - | - | 1 | 2 | 3 | 28 वर्ष | 40 वर्ष | सीए/ एमबीए (फायनान्स). एफआरएम/ पीआरएम के उम्मीदवारों को प्राथमिकता. ओरॅकल/ एसपीएसएस में प्रवीणता आवश्यक. | जोखिम प्रबंधन क्षेत्र में स्नातकोत्तर न्यूनतम 7 वर्ष काम का अनुभव |
| **2** | **प्रबंधक (रिस्क)** | एमएमजीएस-III | - | - | - | 3 | 3 | 26 वर्ष | 36 वर्ष | सीए/ एमबीए (फायनान्स). एफआरएम/ पीआरएम के उम्मीदवारों को प्राथमिकता. ओरॅकल/ एसपीएसएस में प्रवीणता आवश्यक. | जोखिम प्रबंधन क्षेत्र में स्नातकोत्तर न्यूनतम 5 वर्ष काम का अनुभव |
| **3** | **प्रबंधक (स्टैटिस्टिशन)** | एमएमजीएस-III | 1 | 1 | 1 | - | 3 | 30 वर्ष | 40 वर्ष | एम.एससी. (स्टैटिस्टिक्स). ओरॅकल/ एसपीएसएस में प्रवीणता आवश्यक. | जोखिम प्रबंधन क्षेत्र में स्नातकोत्तर न्यूनतम 7 वर्ष काम का अनुभव |
| **4** | **मुख्य प्रबंधक (फॉरेक्स)** | एसएमजीएस-IV | - | - | - | 1 | 1 | 28 वर्ष | 40 वर्ष | प्रतिष्ठित संस्थान से वित्त विषय में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/ पीजीडीबीएम की उपाधि | बैंक/ वित्तीय संस्थान में भारतीय विदेशी विनिमय और ब्याज दर मार्केट में न्यूनतम स्नातकोत्तर 7 वर्षो का विश्लेषण/ अनुसंधान भुमिका के साथ अनुभव |
| **5** | **उप प्रबंधक (इंटरेस्ट रेट मार्केट)** | एमएमजीएस-II | - | - | - | 1 | 1 | 26 वर्ष | 35 वर्ष | प्रतिष्ठित संस्थान से वित्त विषय में विशेषज्ञता के साथ एमबीए/ पीजीडीबीएम की उपाधि | बैंक/ वित्तीय संस्थान में भारतीय विदेशी विनिमय और ब्याज दर मार्केट में न्यूनतम स्नातकोत्तर 5 वर्षो का विश्लेषण/ अनुसंधान भुमिका के साथ अनुभव |

**श्रेणी: जीईएन** - सामान्य, **अजा** - अनुसूचित जाति, **अजजा**-अनुसूचित जनजाति, **अपिव**-अन्य पिछड़ा वर्ग

**कृपया ध्यान दें कि ऑन लाइन पंजीकरण के पश्चात श्रेणी में परिवर्तन करने की अनुमती नहीं दी जाएगी.**

**ऊपरी आयु सीमा में छूट (आरक्षित रिक्त पदों के लिए)**

| क्रम संख्या | श्रेणी | उम्र में शिथिलीकरण |
|---|---|---|
| 1. | अनुसूचित जाति/ अनुसूचित जनजाति | 5 वर्ष |
| 2. | अन्य पिछड़े वर्ग (नॉन-क्रीमी लेयर) | 3 वर्ष |

**स्केल संक्षिप्ताक्षर**

**एमएमजीएस II** : मध्यम प्रबंधन श्रेणी स्केल - II
**एमएमजीएस III** : मध्यम प्रबंधन श्रेणी स्केल - III
**एसएमजीएस IV** : वरिष्ठ प्रबंधन श्रेणी स्केल - IV

**वेतन का स्केल (रु.)**

**एमएमजीएस II** : 31,705-1,145/1- 32,850-1,310/10-45,950
**एमएमजीएस III** : 42,020-1,310/5-48,750-1,460/2-51,490
**एसएमजीएस IV** : 50,030-1,460/4-55,870-1,650/2-59,170

**टिप्पणी :**

1. अपिव श्रेणी के, लेकिन क्रीमी लेयर मे आनेवाले उम्मीदवार अपिव आरक्षण तथा आयु छूट के पात्र नहीं हैं. वे अपनी श्रेणी को सामान्य लिखें.
2. अ.जा/ अजजा उम्मीदवारों को साक्षात्कार के लिए बुलाने पर भारत सरकार द्वारा निर्धारित फारमेट में सक्षम अधिकारी द्वारा जारी जाति-प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
3. जो उम्मीदवार अपिव श्रेणी में आरक्षण चाहते हैं, उन्हें घोषणापत्र प्रस्तुत करना होगा जिसमें वे स्पष्ट रूप से उल्लेख करेंगे कि 01.04.2016 को वे क्रीमी लेयर में समाविष्ट नहीं है. ऐसे उम्मीदवारों को यदि साक्षात्कार के लिए बुलाए जाने पर नॉन क्रिमी लेयर उपवाक्य के सहित दि.01.04.2016 से साक्षात्कार की तारीख तक जारी अपिव प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना होगा.
4. आरक्षित रिक्त-पदों को मिलाकर उपरोक्त कुल रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है तथा बैंक की वास्तविक आवश्यकताओं के अनुसार इसमें परिवर्तन किया जा सकता है.
5. सामान्य श्रेणी उम्मीदवार के लिए अधिकतम आयु दर्शायी गई है. उपरि आयु में छूट ऊपर दर्शायेनुसार उपलब्ध है.

**चयन प्रक्रिया :**

चयन पात्रता सूची (शॉर्ट लिस्टिंग) और व्यक्तिगत साक्षात्कार के आधार पर किया जाएगा.

**साक्षात्कार :** बैंक द्वारा यथा निर्धारित पर्याप्त संख्या में उम्मीदवारों की उनकी योग्यता, अनुभव और साक्षात्कार के लिए समग्र उपयुक्तता के आधार पर एक पात्रता सूची तैयार की जाएगी. साक्षात्कार में अर्हता अंक के बारे में बैंक द्वारा निर्णय लिया जाएगा.

**योग्यता सूची :** चयन के लिए योग्यता सूची को केवल साक्षात्कार में प्राप्त किए गए अंकों के आधार पर अवरोही क्रम में तैयार किया जाएगा. यदि एक से अधिक उम्मीदवारों को समान निर्दिष्ट अंक प्राप्त होते हैं, तो ऐसे उम्मीदवारों को चयनसूची और प्रतीक्षा सूची दोनों में उनकी आयु के अनुसार अवरोही क्रम में रखा जाएगा.


(अगले पृष्ठ पर देखिए....)

(...पिछले पृष्ठ से जारी)

| पद | संक्षिप्त में कार्य की रूपरेखा | |
|---|---|---|
| **मुख्य प्रबंधक (जोखिम)** | • भारतीय रिज़र्व बैंक की दिशानिर्देशोंनुसार विकास सदृश्य के अंतर्गत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए काम करना<br>• क्रेडिट जोखिम, बाजार जोखिम, प्रचालन जोखिम जैसे विभिन्न जोखिम उर्ध्वस्तों के मॉडलों का विकास/ वैश्वीकरण/ पुनर्विकास<br>• बुनियादी/ आरबीआई के निर्देशों का अर्थनिर्णय और पूँजी, विकास सदृश्य के कार्यान्वयन पर पूँजी संगणन और आशावाद के लिए प्रभाव<br>• आईसीएएपी, तनाव, जाँच परिणामों का विश्लेषण, पत्राधान रिश्लेषण, वास्तव जोखिम अनुमान<br>• पूँजी (आरएआरओसी) ढाँचे में जोखिम समायोजित रिर्टन का विकास मुख्य व्यवसाय युनिटों के लिए आरएआरओसी का संगणन ऋणकों के विभिन्न समूहों के लिए<br>• क्रेडिट जोखिम अनुमान (सीआरए)/ गणन मॉडेल प्रस्तुत करना<br>• उद्योग विशेष अभ्यास से परिमानात्मक तथा गुणात्मक उद्योग आरक्षितता प्रचालन और बैंचमार्क सूची निश्चित करना<br>• विभिन्न जोखिमों के लिए दृश्यलेख विश्लेषण और ओएफएसएए समाधान का कार्यान्वयन<br>• स्थायी आय, इक्विटी, म्युच्युअल फंड, फोरैक्स एवं डेरिवेटिवों के लिए मार्केट डाटा वैधता तथा जोखिम घटकों की बाजारमूल्य वैधता जांच करना<br>• आरबीआई द्वारा संचालित बेसल III तालीम नुसार एसबीआई समूह के लिए परिमाणात्मक प्रभाव अभ्यास (क्यूआईएस) मॅक्रो प्रुडेन्शियन्स समूह डाटा टेम्पलेट्स तैयार करना | बैंक द्वारा समय समय पर सौपे गए अन्य कार्य |
| **प्रबंधक (जोखिम)** | • गुणवत्ता, भुगोल पर केंद्रीकरण की सीमाओं पर ध्यान देते हुए जमा-बाकी पत्राधान का नियमन करना<br>• संचालित एककों से डाटा जमा करना, आरडीएम में डाटा भरने के लिए इडीडब्लयू के साथ समायोजन और पीडी, एलजीडी, इएडी का गणन, पूँजी संगणन और आरडीएम से मॉडेल लोडिंग<br>• विभिन्न मार्केट डाटा प्रचालनों के प्रतिदिन बदलों का विश्लेषण<br>• दृष्यलेख विश्लेषण और पूँजी संगणन, क्षती डाटा का विश्लेषण (आईएलडी, इएलडी और एनएमई)<br>• जोखिम परिवर्तन कार्यक्रम का समूह जोखिम प्रबंधन मोड्यूल के लिए परियोजना समायोजन<br>• एसबीआई (एकल) एवं समूहों का उत्तेजन अनुपात का गणन<br>• समकालित आईटी बनाने के लिए आईटी के साथ कड़ी विकसित करना और डाटा इन्फ्रास्ट्रक्चर प्रणाली इआरएम ढाँचा के सहायता हेतु बनाना<br>• विभिन्न परियोजनाओं के लिए जीआईटीसी बेलापूर स्थित आईटी विभाग से समायोजन करना और मॉडेल संबंधि मामलों पर जोखिम श्रेणीयों के लिए स्पष्टीकरण/ सूचनाएं देना<br>• बैंक के आरपार आरसीएसए कार्यवाही, मुख्य जोखिम दर्शक की पहचान, प्रारंभ निश्चिती और नियमन प्रणाली ठीक करना<br>• असुरक्षित अरक्षितता, पुनर्गठित अग्रिम आय क्षति, छल-कपट आदि का पुनरीक्षण करना | |
| **प्रबंधक (स्टैटिस्टिशन)** | • विश्लेषक (आईसीएसपी, तनाव जाँच, पत्राधार विश्लेषण आदि), पूँजी संगणन मॉडेलिंग टीक को दिलासा<br>• प्रचालन एककों से डाटा जमा करना, पूँजी संगणन के लिए आरडीएम में डाटा भरने के लिए इडीडब्ल्यू के साथ समन्वय करना<br>• इन्ट्रा ग्रुप लेन-देन और अरक्षितता, पूँजी बाजार अरक्षितता आदि के डाटा बेस अद्यतन करना और नियमन करना<br>• स्टेट बैंक समूह का परिमाणात्मक प्रभाव अभ्यास (क्यूआईएस)/ स्थूल विवेकाधीन समूह डाटा और नियमन करना<br>• विभिन्न मार्केट डाटा प्रचालनों के प्रतिदिन बदलों का (जैसे 10 वर्ष, जी-सेक दर, एमआईएफओआर, ओआईएस दर, 10 वर्ष कॉरपोरेट बाँड दर, यूएसडी-आईएनआर और अन्य मुख्य मुद्राएं, निफ्टी विक्स का विश्लेषण करना)<br>• प्रदेशिक विश्लेषण प्रक्रिया की सहायता करना तथा ओएफएसएए का अमल करना<br>• आंतरी छल-कपट जमा/ मिलाप और विश्लेषण करना, व्यवसाय समूह और जीआईटीसी के साथ प्रमाणबद्ध त्रुटियों से संबंधित मामले उठाना, आईबीए से प्राप्त हानी डाटा का विश्लेषण (बाहरी छल-कपट)<br>• संपत्ती वर्गनुसार समायोजित कार्यवाही कट गणन एवं नियमन बुक पुनरीक्षण विकल्प<br>• समूह सीएआर का गणन करने के लिए समूह अस्तित्व के आरसीए III रीर्टन का संघटन, एसबीआई (एकल) और समूहों के उत्तोलन अनुपात का गणन | |
| **मुख्य प्रबंधक (फॉरेक्स)** | • कारपोरेट ग्राहक एवं बैंक के निर्णयकर्ता अधिकारियों के लिए विदेश विनिमय और स्थायी आय मार्केट के लिए अनुसंधान विवरण तैयार करना<br>• नियामक, पॉलिसी निर्माता औद्योगिक संघठन आदि के साथ विभिन्न चर्चाओं हेतु अनुसंधानयुक्त जानकारी तैयार करना<br>• कारपोरेट बाँड एवं सी पी निवेश हेतु कंपनी के आंतरी दर्जा का पुर्नरीक्षण करना<br>• महा अर्थनिति स्थिति का विश्लेषण और विदेशी मुद्रानिति तथा ब्याज दर मार्केट लाभ प्रभाव से उम्मीदे<br>• वैश्विक महा अर्थनिति/ भूराजनीतिक स्थिति का विश्लेषण और विदेशी मुद्रा और ब्याज दर मार्केट पर उनके प्रभाव का विश्लेषण<br>• विभिन्न औद्योगिक संगठन पॉलिसी निर्माताओं के साथ मार्केट विकास संबंधित उपयुक्त टिप्पणी तैयार करना<br>• आरबीआई के साथ मुद्रानिति-पूर्व चर्चाओं के लिए सहायक जानकारी, वित्त मंत्रालय के साथ बजेट-पूर्व बैठकों के लिए वित्तीय मार्केट के अनुरूप जानकारी की प्रस्तुती | |
| **उप प्रबंधक (इंटरेस्ट रेट मार्केट)** | • उधार खपत तथा दिन के अनुमान की सुबह स्थिती का संक्षेप चित्र तैयार करना<br>• देशांतर्गत मार्केट के लिए सीपीआई, रेपो दर आदि संबंध में महत्त्वपूर्ण विवेचन हेतु तथा विदेशी मार्केट के लिए दर निर्धारण, रोजगार विवरण सूचि के लिए बैंक के आर्थिक अनुसंधान विभाग के साथ समन्वय करना<br>• उच्च प्रबंधन के संदर्भ के लिए सी-जीएससी, एसडीएल, टी बिल्स के लीलाम हेतु ऐतिहासिक विवरण तैयार करना<br>• आरबीआई के साथ नकद जमा, औसत नकद स्थिती और बैंकों का सीआरआर जैसे प्रबंधन सांखिकी का मेल रखना और एसबीआई की स्थिती की तुलना में बारीकी से देखना जिसका उपयोग सीआरआर का प्रबंधन कुशलता से हो.<br>• स्थायी आय मार्केट के लिए मार्केट अनुसंधान विवरण तैयार करें<br>• नियामक, पॉलिसी निर्माता, औद्योगिक संगठन आदि के साथ विभिन्न चर्चाओं के लिए अनुसंधान विवरण तैयार करें.<br>• कारपोरेट बाँड और सीपी निवेश के लिए कंपनी के अंतर्गत दरों का पुर्नरीक्षण करें | |

**ग. आवेदन कैसे करें :**

उम्मीदवारों के पास वैध ई-मेल आईडी होनी चाहिए जो परिणाम घोषित होने तक सक्रिय रखी जानी चाहिए. इससे उन्हें कॉल लेटर/ साक्षात्कार ई-मेल द्वारा सूचना प्राप्त करने में मदद मिलेगी.

**अ) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए दिशानिर्देश :**

i) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से स्वयं को ऑनलाइन पंजीकृत कर और डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करते हुए आवेदन शुल्क का भुगतान करना होगा.

ii) उम्मीदवारों को पहले अपना फोटो और हस्ताक्षर स्कैन करने चाहिए. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं किए जाएंगे जब तक उम्मीदवार निर्दिष्ट तरीके से अपना फोटो और हस्ताक्षर अपलोड न कर दें.

iii) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर जाकर **'Career link'** में उचित ऑनलाइन आवेदन फॉर्मेट खोलना चाहिए.

iv) उम्मीदवार आवेदन ध्यान से भरें. एक बार आवेदन पूरी तरह से भरने पर, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करना चाहिए. उम्मीदवार एक ही बार में डेटा न भर पाने की स्थिति में, पहले से दर्ज डेटा को सेव कर सकते हैं. जब डेटा सेव करते हैं, तो सिस्टम द्वारा एक provisional अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड उत्पन्न होगा और स्क्रीन पर प्रदर्शित होगा. उम्मीदवार को पंजीकरण संख्या और पासवर्ड लिख लेना चाहिए. वे पंजीकृत नंबर और पासवर्ड का उपयोग कर सेव किए डेटा को फिर से खोल सकते हैं और आवश्यक हो, तो विवरण में संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा केवल तीन बार उपलब्ध होगी. एक बार आवेदन पूरी तरह भरने के बाद, उम्मीदवार को डेटा सबमिट करके ऑनलाइन शुल्क भुगतान के लिए आगे बढ़ना चाहिए.

**ब) शुल्क भुगतान :**

i) आवेदन शुल्क और सूचना प्रभार (वापसी योग्य नहीं) ₹ 600/- .

ii) शुल्क भुगतान उस समय उपलब्ध भुगतान के गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन करना होगा.

iii) आवेदन फॉर्म में विवरणों की सत्यता सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवारों को एकीकृत भुगतान के गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना आवश्यक है. उसके बाद किसी परिवर्तन/ संशोधन की अनुमति नहीं होगी.

iv) स्क्रीन पर मांगी गई जानकारी उपलब्ध कराकर भुगतान डेबिट कार्ड/ क्रेडिट कार्ड/ इंटरनेट बैंकिंग आदि का उपयोग करके किया जा सकता है. ऑनलाइन भुगतान के लिए लेनदेन प्रभार, यदि कोई हो, तो उम्मीदवारों द्वारा वहन किया जाएगा.

v) लेनदेन के सफल समापन पर, ई-रसीद और आवेदन पत्र उम्मीदवार द्वारा दर्ज तारीख सहित उत्पन्न होगी और प्रिंट करके उम्मीदवार को उसे अपने पास रखना चाहिए.

vi) अगर ऑनलाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूरा नहीं होता, तो कृपया फिर से पंजीकरण करें और ऑनलाइन से भुगतान करें.

vii) शुल्क विवरण वाली ई-रसीद और आवेदन फार्म को बाद में, फिर से प्रिंट करने का प्रावधान भी है.

**क) आवेदन की प्रतियां (ऑनलाइन पंजीकृत) और साथ में (i) आईडी प्रूफ (ii) जन्म प्रमाण (iii) शैक्षिक प्रमाण पत्र/अंक तालिका (iv) अनुभव प्रमाणपत्र (v) संक्षिप्त बायोडाटा (vi) शुल्क भुगतान की ई-रसीद केंद्रीय भर्ती और पदोन्नति विभाग, कारपोरेट केन्द्र, तीसरी मंजिल, अटलांटा भवन, नरीमन पॉइंट, मुंबई – 400 021 को 20.01.2017 तक डाक द्वारा प्राप्त हो जानी चाहिए. उक्त तिथि तक आवश्यक दस्तावेजों के साथ ऑनलाइन आवेदन की प्रतियां न मिलने पर, शॉर्ट लिस्टिंग और चयन के लिए उनकी आवेदन की उम्मीदवारी पर विचार नहीं किया जाएगा.**

**घ) सामान्य जानकारी :**

i) उम्मीदवारों को आवेदित पद के लिए अपनी पात्रता के बारे में स्वयं संतुष्ट होना चाहिए.

ii) सरकारी/ अर्ध-सरकारी कार्यालयों, राष्ट्रीयकृत बैंकों और वित्तीय संस्थाओं सहित सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में सेवारत उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि साक्षात्कार के समय अपने नियोक्ता का अनापत्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करें, ऐसा न करने पर उनकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा और यात्रा भत्ता, यदि कोई हो, जो अन्यथा स्वीकार्य है, उसका भुगतान नहीं किया जाएगा.

iii) चयन होने पर नियुक्ति के समय उम्मीदवारों को नियोक्ता से प्राप्त उचित कार्य-मुक्ति प्रमाणपत्र प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

iv) उम्मीदवारों को उनके स्वयं के हित में सलाह दी जाती है कि अंतिम तिथि से काफी पहले ऑनलाइन आवेदन करें और अंतिम तिथि तक इंतजार न करें जिससे कि इंटरनेट पर भारी बोझ या वेबसाइट जाम होने के कारण वेबसाइट पर लॉग इन करने में डिस्कनेक्शन/ असमर्थता/ विफलता की संभावना से बचा जा सके.

v) भारतीय स्टेट बैंक उपरोक्त कारणों से या अन्य दूसरे कारणों से, जो उसके नियंत्रण से परे हैं, उम्मीदवार द्वारा अंतिम तिथि के अंदर अपने आवेदन प्रस्तुत/ सबमिट नहीं कर पाने की कोई जिम्मेदारी नहीं लेता है.

vi) **भर्ती के किसी भी चरण में यह पता चलने पर कि उम्मीदवार पात्रता मानदंडों को पूरा नहीं करता/करती है और/या उसने कोई भी गलत/झूठी जानकारी प्रस्तुत की है या कोई भी तथ्य दबाया/दबाएं हैं, तो उसकी उम्मीदवारिता रद्द कर दी जाएगी. अगर ये कमियां नियुक्ति के बाद भी पता चलती हैं, तो उसकी सेवाएं समाप्त की जा सकती हैं.**

vii) उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि सूचनाएं, अर्थात कॉल लेटर/ साक्षात्कार सूचना आदि प्राप्त करने के लिए अपने ई-मेल आईडी सक्रिय रखें.

viii) पात्रता, परीक्षा संचालन, अन्य परीक्षण और चयन से संबंधित सभी मामलों में बैंक का फैसला अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा. इस संबंध में किसी भी अभ्यावेदन या पत्राचार का बैंक द्वारा जवाब नहीं दिया जाएगा.

ix) साक्षात्कार के लिए बुलाए गए उम्मीदवारों को भारत में सबसे लघुतम मार्ग का एसी घ्घ् रेलवे किराया (मेल/ एक्सप्रेस) या अन्य किसी साधन से की गई यात्रा का वास्तविक व्यय, जो भी कम हो, का भुगतान किया जाएगा. स्थानीय यात्रा व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा.

x) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति बैंक की आवश्यकता के अनुसार उन्हें चिकित्सा की दृष्टि से स्वस्थ घोषित किए जाने के अध्यधीन रहेगी. ऐसी नियुक्ति बैंक में ऐसे पद के लिए, बैंक में कार्यग्रहण करने के समय लागू बैंक के सेवा और आचरण नियमों के अध्यधीन रहेगी.

xi) इस विज्ञापन तथा/ अथवा इसके जवाब में प्राप्त हुए किसी आवेदन से उत्पन्न किसी भी दावे या विवाद के संबंध में कोई भी कानूनी कार्यवाही केवल मुंबई में ही शुरू की जा सकती है और केवल मुंबई स्थित न्यायालयों/ अधिकरणों/ मंचों को ही ऐसे दावों/ विवादों का निपटान करने का एकमात्र और अनन्य अधिकार रहेगा.

**किसी भी तरह की सिफारिश अयोग्यता मानी जाएगी.**

**मुंबई**
**दिनांक : 29.12.2016**

**प्रिंटिंग त्रुटि यदि कोई हो, के लिए बैंक जिम्मेदार नहीं है.**

**महाप्रबंधक**
**(केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग)**